आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)
गुरुवार 24.04.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– भारत, सभी आतंकियों की पहचान कर उन्हें सख्त सजा देगा।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संस्कृत भाषा के माध्यम से युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में विशेष प्रयास करने पर जोर दिया।
- केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने वर्ष 2025–26 के लिए खसरा और रूबेला उन्मूलन अभियान की औपचारिक शुरुआत की।
- चारधाम यात्रा के दौरान आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने के लिए प्रदेश के सात जिलों में मॉक ड्रिल की गई।

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत हर आतंकवादी और उसे सहायता देने वालों की पहचान करके उनका पता लगाएगा और पहलगाम हमले के दोषियों को दंडित करेगा। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को बख्शा नहीं जाएगा और भारत, दुनिया के किसी भी कोने से अपराधियों को ढूंढ निकालेगा।

श्री मोदी ने राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस के अवसर पर आज बिहार के मधुबनी जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद से देश की आत्मा कभी नहीं टूटेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि न्याय सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे और पूरा देश इस संकल्प पर अडिग है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि मानवता में विश्वास रखने वाला प्रत्येक व्यक्ति भारत के साथ खड़ा है।

श्री मोदी ने भारत के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए विश्व और वैश्विक नेताओं को धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री ने अपना संबोधन शुरू करने से पहले पहलगाम आतंकवादी हमले में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि देने के लिए भी मौन रखा।

**मुख्यमंत्री बैठक**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संस्कृत भाषा के माध्यम से युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में विशेष प्रयास करने पर जोर दिया है। आज सचिवालय में उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी की सामान्य समिति की 10वीं बैठक में उन्होंने कहा कि यज्ञ, कर्मकांड और वेद में सर्टिफिकेट कोर्स की भी व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने संस्कृत का अध्ययन कर रहे बच्चों को 16 संस्कार के बेहतर प्रशिक्षण की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पहले चरण में 100 बच्चों को और उसके बाद हर साल एक लक्ष्य निर्धारित कर युवाओं को 16 संस्कारों का प्रशिक्षण दिया जाए। श्री धामी ने कहा कि संस्कृत के क्षेत्र में शिक्षण, लेखन और संस्कृत भाषा के संरक्षण व संवर्द्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वालों को प्रत्येक वर्ष सम्मान राशि प्रदान कर सम्मानित किया जाए। उन्होंने संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए जिलों में नोडल अधिकारी बनाने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार संस्कृत को जोड़ने के लिए और प्रभावी प्रयास करने पर भी बल दिया।

## फॉगिंग अभियान रुद्रपुर

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आज रुद्रपुर नगर निगम परिसर से फॉगिंग अभियान की शुरुआत की। उन्होंने अभियान में शामिल वाहनों और टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कैबिनेट मंत्री ने नगर निगम सभागार में पर्यावरण मित्रों को स्वच्छता का संदेश दिया और सम्मान नागरिक संहिता के प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने महापौर और नगर आयुक्त के साथ मिलकर रुद्रा बिल्डिंग के पास बनाए गए वेंडिंग जोन का निरीक्षण किया और वहां मौजूद दुकानदारों को एप्रन, किट, डस्टबिन और दुकानों के आवंटन पत्र प्रदान किए। श्री जोशी ने वेंडिंग जोन की व्यवस्था की सराहना करते हुए इसे स्वरोजगार को बढ़ावा देने की दिशा में एक सकारात्मक पहल बताया।

## पंचायती राज दिवस

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर बागेश्वर ज़िला पंचायत परिसर में जन–केन्द्रित कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले भर से आए पंचायत प्रतिनिधियों, अधिकारियों और आम नागरिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री के राष्ट्रव्यापी संबोधन को भी सुना। पंचायती राज दिवस के कार्यक्रम के दौरान तीलू रौतेली सम्मान से सम्मानित व राष्ट्रीय पैरालंपिक पदक विजेता मोहनी कोरंगा, वृक्ष प्रेमी किशन सिंह मलड़ा, और संवाद वेलफेयर सोसायटी को विशेष सम्मान से नवाज़ा गया। इस मौके पर जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने का माध्यम है। उन्होंने ग्राम पंचायत विकास योजना, जियो टैगिंग और परिसंपत्ति पंजिका जैसी पहलों को पारदर्शिता और गुणवत्ता सुधार का आधार बताया।

उधर, नई टिहरी में इस अवसर पर 'सशक्त पंचायत, सशक्त उत्तराखण्ड, सशक्त राष्ट्र' निर्माण को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्षेत्रीय विधायक किशोर उपाध्याय ने कहा कि पंचायतों को सशक्त बनाने के लिए हर स्तर पर कमियों को देखना और आने वाली चुनौतियों पर मंथन किया जाना जरूरी है।

## टीकाकरण सप्ताह

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने आज विश्व टीकाकरण सप्ताह के अवसर पर वर्ष 2025–26 के लिए खसरा और रूबेला उन्मूलन अभियान की औपचारिक शुरुआत की। इस महत्वाकांक्षी पहल का उद्देश्य वर्ष 2026 तक भारत से इन दोनों घातक संक्रामक बीमारियों का पूर्णतः उन्मूलन करना है। इस अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में श्री नड्डा ने कहा कि यह केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारे करोड़ों बच्चों के जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने का राष्ट्रीय मिशन है। उन्होंने राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों और मुख्य चिकित्सा अधिकारियों से आग्रह किया कि वे अभियान की जानकारी को जन–जन तक पहुँचाने के लिए मीडिया के माध्यम से सक्रिय रूप से संवाद करें। इसके साथ ही उन्होंने सांसदों, विधायकों, स्थानीय निकायों और पंचायत प्रमुखों से भी अपील की कि वे खसरा और रूबेला टीकाकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

## मॉक ड्रिल

प्रदेश में आगामी 30 अप्रैल से चारधाम यात्रा की शुरुआत हो रही है। यात्रा के दौरान आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने के लिए आज उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, देहरादून, पौड़ी, टिहरी और हरिद्वार में मॉक ड्रिल की गई। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से आयोजित मॉक ड्रिल में भूकंप और भूस्खलन सहित विभिन्न संभावित आपदा की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने का पूर्वाभ्यास किया गया। देहरादून स्थित राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से विभिन्न स्थानों पर मॉक ड्रिल की निगरानी की गई। साथ ही लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से कंट्रोल रूम से समीक्षा की गई। आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन ने बताया कि मॉक ड्रिल से यह समझना आसान होगा कि वास्तविक स्थिति में विभिन्न विभागों के बीच आपसी समन्वय कैसा रहेगा। उन्होंने कहा कि अभ्यास के दौरान आपदा प्रबंधन में आने वाले कमियों में सुधार कर इसे और बेहतर किया जाएगा।

## जिलाधिकारी निरीक्षण

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने आज ऋषिकेश के ट्रांजिट कैंप में चारधाम यात्रा से जुड़े सभी विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने बताया कि चारधाम यात्रा की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। 25 अप्रैल तक सभी तैयारियां पूरी हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए बेहतर व्यवस्था की जा रही हैं।

बैठक के बाद जिलाधिकारी ने ट्रांजिट कैंप परिसर में हो रहें कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यात्रियों के लिए शामियाने लगाने और खाने–पीने की व्यवस्थाओं का जायज़ा लेते हुए अधिकारियों को किसी भी स्तर पर कमी के न रहने के निर्देश दिए।